Seventeenth Loksabha

>

Title: Regardig setting up of an X-Band Doppler Weather Radar System in Aurangabad, Maharashtra-laid.

* m01

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): महाराष्ट्र का मराठवाडा क्षेत्र पिछले कई दशकों से मौसम की मार झेल रहा है । कभी यहाँ भयंकर सूखा पड़ता है तथा कभी यहाँ अति-वृष्टि, बाद तथा ओला वृष्टि होती है जिसके कारण न केवल हर साल किसानों की बड़े पैमानों पर खड़ी फसल बरबाद हो जाती है अपितु काफी बड़ी संख्या में जन हानि व पालतु पशुओं की मौत हो जाती है । इन सब समस्याओं का कुछ हद तक समाधान हो सकता है यदि किसानों को मौसम की सही सही जानकारी समय पर उपलब्ध हो जाए । परन्तु वर्तमान व्यवस्था के अनुसार दिल्ली स्थित मौसम विभाग द्वारा स्थानीय मौसम की जानकारी मुम्बई स्थित आबजर्वेटरी को भेजी जाती है । इसके बाद मुम्बई से यह जानकारी राज्य भर में स्थित सभी मौसम कार्यालयों को भेजी जाती है । जानकारी के इस प्रेषण में कीमती समय बरबाद हो जाता है तथा किसानों को समय पर मौसम की सही जानकारी नहीं मिलने के कारण फसलों के मामले में, जान-माल के मामले में तथा पशुओं की मृत्यु के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है ।

हालांकि वर्ष 2015 से मौसम विभाग द्वारा मराठवाडा के औरंगाबाद स्थित अर्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एक एक्स बैंड डोप्लर रडार स्थापित करने का निर्णय लिया गया था परन्तु अभी तक प्रशासनिक विलम्ब व अनदेखी के कारण मराठवाडा में एक्स बैंड डोप्लर रडार की स्थापना नहीं हो पाई है । इस विलम्ब के कारण मराठवाडा के किसानों को जन धन तथा फसलों के मामले में हर साल भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है । इस क्षेत्र में एक एक्स बैंड डॉप्लर लग जाने से स्थानीय मौसम की चौबीसों घंटों निगरानी संभव हो पाएगी तथा मौसम की हर तरह की जानकारी किसानों को यथासमय मिल पाना संभव हो सकेगा ।

महाराष्ट्र में इस समय चार जगहों - मुम्बई, महाबलेश्वर, सोलापुर और नागपुर में डॉप्लर रडार स्थापित हैं परन्तु इनमें से किसी से भी मराठवाडा क्षेत्र के मौसम की सही सही मानिटरिंग संभव नहीं है क्योंकि एक रडार से लगभग 500 किमी क्षेत्र की मानिटरिंग की जा सकती है । महाराष्ट्र के मराठवाडा क्षेत्र के किसानों को मौसम की सही जानकारी के अभाव में हो रहे नुकसान से बचाने के लिए यह आवश्यक है कि मराठवाडा के औरंगाबाद में एक एक्स बैंड डॉप्लर रडार शीघ्रातिशीघ्र स्थापित किया जाए औरंगाबाद के गांव पिंपलाद्री, ता0 सिलौद में अजिन्ठा लेणी परिसर में श्री आबुदास लोखण्डे इस रडार की स्थापना हेतु अपनी जमीन देने के लिए तैयार हैं ।

अत: मेरा सरकार से अनुरोध है कि किसानों को मौसम की सही सही जानकारी उचित समय पर उपलब्ध कराने के लिए मराठवाडा के औरंगाबाद में एक एक्स बैंड डॉप्लर रडार शीघ्रातिशीघ्र स्थापित करवाने की व्यवस्था की जाए ।